हरिभूमि

# नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शनिवार 26 जुलाई 2025

04 ताप्ती से जल लाकर शहर में हो रही सप्लाई,...



08 इनर पॉल्यूशन क्रोध, तनाव, ईर्ष्या व नकारात्मक...






## खबर संक्षेप

### हरियाली अमावस्या पर रोपण के लिए दिए पौधे

**सोहागपुर।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद निर्मल विकास सेवा समिति के द्वारा हरियाली अमावस्या पर पौधा वितरण कार्यक्रम किया गया है। सोहागपुर के नर्मदा तट क्षेत्र के ग्राम भटगांव सेक्टर क्रमांक पांच में नवांकुर सखी कार्यक्रम अंतर्गत यह आयोजन किया गया। जिसमें 100 महिलाओं एवं बच्चों को बिल्वपत्र, आंवला, नीबू, आम, सीताफल, मीठी नीम प्रजातियों के पौधे दिये गए।

### विजय दिवस भाजपा करेगी शहीदों को नमन

**नर्मदापुरम।** भारतीय सेना के अदम्य साहस, वीरता और पराक्रम के अमर प्रतीक कारगिल विजय दिवस की 26वीं वर्षगांठ भारतीय जनता पार्टी मनाएगी। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला के मार्गदर्शन में 26 जुलाई को कारगिल युद्ध के वीर शहीदों को श्रद्धांजलि दी जाएगी। इस अवसर पर ब्यावरा स्थित अमर शहीद विजयशंकर दुबे के स्मारक पर श्रीमती शुक्ला द्वारा पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी। जिला मीडिया प्रभारी अमित महाला ने बताया कि कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा शाम 06:30 बजे जिला कार्यालय नर्मदापुरम से एक मशाल जुलूस निकाला जाएगा।

## जिले में बारिश का दौर जारी, अगले 24 घंटों में हो सकती है तेज बारिश

# सीजन में पहली बार खोले तवा डेम के 5 गेट, 55 हजार 680 क्यू. पानी छोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी/नर्मदापुरम

शुक्रवार को इस बारिश के मौसम में पहली बार तवा डेम के पांच गेटों से 55, 680 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है। शाम साढ़े चार बजे तीन गेटों को तीन फिट खोलकर तवा नदी में 14802 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा था, शाम को गेट की संख्या पांच कर दी और ऊंचाई सात-सात फिट करके मात्रा 55, 680 क्यूसेक कर दी। दोपहर में डेम के कैचमेंट एरिया में भारी बारिश के बाद बांध प्रबंधन ने पहले ही गेट खोलने का निर्णय लिया था। 31 जुलाई तक बांध में 1158 फिट पानी रखना है। बांध के गेट खुलने की खबर सुनकर बड़ी संख्या में सैलानी आज दोपहर में ही तवानगर पहुंच गये थे। दोपहर बाद जब बांध के गेट खोले गये, बड़ी संख्या में सैलानी वहां मौजूद थे जिन्होंने गेट खुलने पर रोमांच का अनुभव किया।

जिले पिछले तीन दिनों से लगातार बारिश का दौर जारी है।वहीं अगले दो दिनों के लिए अति भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। तवा डैम का जलस्तर बढ़ने से डेम के 5 गेट खोले गये।



### अन्य डेमों से भी छोड़ा जा रहा पानी

बारना और बरगी डैम से पानी छोड़े जाने के कारण नर्मदा नदी का जलस्तर धीरे-धीरे बढ़ रहा है। सेठानी घाट पर सुबह 8 बजे जलस्तर 940 फीट दर्ज किया गया। इस वर्ष 1 जून से 25 जुलाई तक औसत 26.45 इंच बारिश दर्ज की गई है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 7.16 इंच अधिक है। पिछले साल इस दौरान 19.29 इंच बारिश हुई थी।

### जिले में अब तक 672.8 मिमी वर्षा दर्ज

जिले में अभी तक जिले में 672.8 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 490.8 मिलीमीटर औसत वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 24 जुलाई से 25 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 9.2 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 9.0 मिलीमीटर, इटारसी में 6.4 मिलीमीटर, माखननगर में 6.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 12.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 11.0 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 22.4 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 47.4 एवं तहसील डोलरिया 9.4 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। 1 जून से 25 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 729.9 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 651.0 मिलीमीटर, इटारसी में 627.6 मिलीमीटर, माखननगर में 424.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 717.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 654.0 मिलीमीटर, बनखेड़ी में 830.4 मिलीमीटर, पचमढ़ी में 909.4 एवं तहसील डोलरिया में 511.6 मिलीमीटर कुल वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 940.00 फीट है।

### अगले 24 घंटों में हो सकती है तेज बारिश

मौसम वैज्ञानिक डॉ. पीके रैकवार के अनुसार, बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र अगले 48 घंटों में ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ेगा। उत्तरी बंगाल की खाड़ी से ट्रफ लाइन और उत्तर प्रदेश की ओर से उपरी हवाओं का चक्रवात बना हुआ है। जिसके चलते मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए अति भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है। वहीं प्रशासन द्वारा तवा डेम को लेकर एडवायजरी जारी कर दी है।

## जिला गोपालन और पशुधन संवर्धन समिति की बैठक हुई

### स्ट्रीट डॉग नियंत्रण पर दिए आवश्यक निर्देश




हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर सुश्री सोनिया मीना की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला गोपालन एवं पशुधन संवर्धन समिति की बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में किया गया। बैठक के दौरान जिले में संचालित गौशालाओं को प्रदान की जा रही अनुदान राशि की गौशालावार समीक्षा की गई।

इस संबंध में कलेक्टर द्वारा उप संचालक पशु चिकित्सा विभाग को विशेष रूप से कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही कलेक्टर ने सोसायटी फॉर दी प्रेवेन्शन ऑफ क्रुएलिटी टू एनिमल्य की जानकारी की समीक्षा करते हुए उप संचालक पशु चिकित्सा सेवाऐं नर्मदापुरम को निर्देश दिए कि पशु क्रूरता की घटनाओं पर सख्ती से कार्यवाही की जाए। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नगरीय निकायों में स्ट्रीट डॉग की गणना कर उन्हें टीकाकरण एवं स्टेरलाइजेशन की प्रक्रिया के तहत कार्यवाही की जाए। इसके लिए कलेक्टर ने नगर पालिका अधिकारियों को विधिवत कार्य योजना तैयार करने के लिए निर्देशित किया।

इसके अतिरिक्त उन्होने सभी स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी रेबीज वैक्सीन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। साथ ही कलेक्टर ने निर्देश दिए कि निराश्रित पशुओं के प्रबंधन हेतु स्थाई एवं अस्थाई गौशालाओं में आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाऐं। कलेक्टर ने स्पष्ट निर्देश दिए कि मुख्य मार्गों एवं सड़कों पर पशुओं को एकत्रित न होने दिया जाए।

## श्री समर्पण श्री ने विरोध में सड़कों की दुर्दशा पर दिए पौधे, कहा-गड्ढों में करें पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नगर में सड़कों की व्यवस्थाओं को लेकर श्री समर्पण श्री के सदस्यों ने प्रशासन को विरोध स्वरूप पौधे सौंपे। सदस्यों का कहना है कि नगर की जर्जर सड़कों की हालत में कोई सुधार हेतु कम नहीं उठाया गया अतः संस्था ने आज आपको पौधे गिफ्ट कर रही है और आपसे निवेदन करती है कि सड़कों की स्थिति में आपसे सुधार नहीं हो पा रहा है तो कम से कम गड्ढे में पौधे रोपण करें ताकि नगर में हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश हम दे सकें आज पौधों के रूप में हम आपको संकेत देना चाहते हैं कि इसके बाद भी आपके द्वारा अगर नगर में सड़कों के लिए कम नहीं उठाए गए तो उग्र प्रदर्शन होगा जिसकी जवाबदारी आपकी रहेगी इस दौरान संस्था के स्वदेश सैनी राज खिल्लारे ललित मीना अयान कुरेशी दिव्यांश राजोरिया अनुज सोनी दीपक मांडरे नितेश पाठक गौरव धाकड़ अमित मीना युवराज यादव आदि शामिल हुए।

## शासकीय कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने किया पौधरोपण, लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प




**सिवनी मालवा।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी मालवा में हरियाली अमावश्या के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ उमेश कुमार धुर्वे के मार्गदर्शन में पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम ₹एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम योजना अंतर्गत इको क्लब द्वारा छात्राओं को पौधे वितरित किये गये एवं महाविद्यालय परिसर मे पौधरोपण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य डॉ उमेश कुमार धुर्वे ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य न केवल पर्यावरण की रक्षा करना है। बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ और हरा-भरा भविष्य सुनिश्चित करना भी है। इको क्लब प्रभारी डॉ सतीश बालापुरे ने कहा की हमारा उद्देश्य छात्राओं और समुदाय को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और उन्हें सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित करना है। इस प्रकार के कार्यक्रमों से न केवल जागरूकता बढ़ती है, बल्कि लोगों को पर्यावरण संरक्षण के लिए एकजुट होने का मौका भी मिलता है। इस अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग, सिवनी मालवा के श्री नारायण बाबरिया भी उपस्तिथ रहे।

## कलेक्टर ने दिए आधार, लोक सेवा केंद्रों और डिजिटल परियोजनाओं की समीक्षा के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



शुक्रवार को कलेक्टर सोनिया मीना की अध्यक्षता में जिला ई-गवर्नेंस संचालक दल की बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय के सभा कक्ष में किया गया। बैठक में जिले में संचालित आधार परियोजना, स्वान परियोजना, ई-दक्ष परियोजना, जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति एवं ई-गवर्नेंस सोसायटी से जुड़े विभिन्न कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। कलेक्टर ने लोक सेवा प्रबंधन विभाग के अंतर्गत संचालित लोक सेवा केंद्रों की भौतिक स्थिति, मरम्मत कार्यों एवं आधार संचालन से जुड़े बिंदुओ की गहन समीक्षा की।

जिला प्रबंधक लोक सेवा आनंद झैरवार को निर्देशित किया कि जिले के लोक सेवा केंद्रों के भवनों की मरम्मत हेतु बजटानुसार विस्तृत प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें। इसमें कलेक्टर ने जिला प्रबंधक ई गवर्नेंस संदीप चौरसिया को निर्देश दिए की जिले में संचालित समस्त आधार केंद्रों का निरीक्षण कर उनका सत्यापन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि आधार केंद्रों पर केंद्र संचालन हेतु मानव शक्ति, पर्याप्त जगह एवं अन्य समर्पित संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए।

### भाजयुमो चलायेगा युवा जोड़ो अभियान

**नर्मदापुरम।** भारतीय जनता युवा मोर्चा नर्मदापुर मंडल की आवश्यक कामकाजी बैठक रसूलिया में संपन्न हुई । जिसमें आगामी 26 जुलाई कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष में आयोजित होने वाली मशाल यात्रा के संबंध में चर्चा की गई । कार्यालय मंत्री हर्ष सराठे ने बताया कि युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष दीपक महालहा एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश राजपूत के निर्देशानुसार युवा मोर्चा मंडल के संपूर्ण वार्डों में युवा जोड़ो अभियान के लिए वार्डस्तर पर बैठके आयोजित करने जा रहा है। उसी संदर्भ में सभी पदाधिकारी को वार्ड का प्रभारी बनाते हुए जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर भाजयुमो मंडल अध्यक्ष सुंदरम अग्रवाल, विशाल दीवान आदि शामिल हुए।

## महिलाओं ने मनाया हरियाली पर्व, मंदिर में किया पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नर्मदापुरम के शांति नगर महिला मंडल ने हरियाली उत्सव का कार्यक्रम धूमधाम संपन्न से किया।

शांति नगर की महिलाए माता खेड़ापति मंदिर में ड्रेस कोड को देखते हुए हरी साडी पहनकर एकत्रित हुई। इसमें पहले मां खेड़ापति की पूजा की पूजन अर्चना करने के बाद सभी महिलाओ ने एक दूसरे को सुहाग सामग्री एवं प्रसाद वितरण कर हरियाली उत्सव मनाया गया एवं भजन कार्यक्रम में नेहा तिवारी, रवीना यादव , कमला जाखोदिया, भारती राजोरिया, मोना माधव एवं आदि सखियों ने कार्यक्रम संपन्न किया।

## पीसी इंटरनेशनल में बच्चों ने मनाया हरियाली महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुरम,हरदा रोड स्थित प्रेरणा कान्वेंट इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में हरियाली अमावस्या के उपलक्ष्य में,प्री -प्रायमरी विंग में हरियाली दिवस आयोजन किया गया। इस उपलक्ष्य में बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति दी। छात्र, छात्राओं तथा शिक्षिकाओं ने बढ चढ़कर हर्ष उल्लास के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। शाला संचालिका समर्पिता सोनी, एवं प्राचार्या विनीता तिवारी ने इस अवसर पर बच्चों को हरियाली अमावस्या का महत्व बताया। साथ ही बच्चों और शाला परिवार ने पेड़ लगाओ, हरियाली बढ़ाओ का नारा भी लगाया। शाला परिसर तथा अपने आसपास हरियाली बढ़ाने का प्रण भी लिया। शाला परिवार की ओर से सभी को इस अवसर पर बधाई दी गई।

## स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकंडरी स्कूल की छात्राओं और गर्ल्स एनसीसी कैडेट्स ने किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



स्प्रिंगडेल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया।

इस प्रेरणादायक पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और माताओं के प्रति सम्मान प्रकट करना रहा। कार्यक्रम में गर्ल्स कैडेट्स ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और उनकी नियमित देखभाल की जिम्मेदारी भी स्वयं ली ताकि पौधों के साथ एक भावनात्मक जुड़ाव स्थापित हो सके।

इस अवसर पर प्राचार्य मोना चटर्जी ने छात्राओं को बताया कि "वृक्षारोपण न केवल पर्यावरण की सुरक्षा के लिए आवश्यक है और यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी भी है। वृक्ष हमें शुद्ध वायु और ऊर्जा प्रदान करते हैं, जो जीवन के लिए आवश्यक है। कैडेट्स ने अनुशासन, समर्पण और उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया। यह आयोजन न केवल हरियाली को बढ़ाने बल्कि छात्रों में प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व बनाने में भी सफल रहा। कार्यक्रम का निर्देशन एनसीसी अधिकारी शेख कमर एवं एनसीसी केयरटेकर दीपिका शर्मा ने किया।

## सांसद कार्यालय में योग कक्षा का किया गया निःशुल्क आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

संसदीय क्षेत्र के यशस्वी सांसद दर्शन सिंह चौधरी के सार्थक प्रयासों से जनता कार्यालय नर्मदापुरम में विगत एक माह से प्रतिदिन प्रातः 6:30 से 7:30 बजे तक निःशुल्क योग कक्षाएं निरंतर संचालित की जा रही हैं।

यह अभिनव पहल जनस्वास्थ्य को समर्पित एक सराहनीय कदम है। इस योग प्रशिक्षण का संचालन पतंजलि योगपीठ के जिला प्रभारी एवं राज्य डायबिटीज विशेष प्रभारी डॉ. कमलेश गौर द्वारा किया जा रहा है। योग के क्षेत्र में उनके व्यापक अनुभव और समर्पण से प्रेरित होकर क्षेत्र के नागरिकों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता में उल्लेखनीय वृद्धि देखी जा रही है। नियमित प्रशिक्षण में नलिन पटेल सहित कई समर्पित योग साधक भी सक्रिय योगदान दे रहे हैं। सांसद चौधरी ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे इस निःशुल्क योग प्रशिक्षण का अधिकाधिक लाभ लें।

## "नशे से दूरी है जरूरी" अभियान जारी

## नशे से युवाओं को बचाने पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में निकाली गई विशाल रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




पुलिस द्वारा "नशे से दूरी है जरूरी" शीर्षक से एक राज्यव्यापी जनजागरूकता अभियान 15 30 जुलाई तक संचालित किया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं एवं नागरिकों को मादक पदार्थों के दुरुपयोग से बचाना तथा नशे की लत से मुक्त कराना है। इसी क्रम में जिला नर्मदापुरम में पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम डॉ. गुरकरन सिंह के निर्देशन में अभियान के अंतर्गत जागरूक करने के उद्देश्य से मैराथन का आयोजन रक्षित केंद्र नर्मदापुरम में किया गया । मैराथन में 400 छात्र-छात्राओं द्वारा भाग लिया गया। मैराथन को उप पुलिस अधीक्षक मोहन सारवान द्वारा हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया गया जो की मुख्य चौराहे मीनाक्षी से होते हुए, मीना बाजार, सब्जी बाजार से रक्षित केंद्र नर्मदापुरम में समाप्त हुई । नशे से दूरी है जरूरी मैराथन में सर्वाइट, सेमीरिटर्न, शांतिनिकेतन, सेंट पॉल, केम्पियन, एनसीसी, शासकीय कन्या शाला विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया । इसके अतिरिक्त उप पुलिस अधीक्षक मोहन सारवान द्वारा सभी छात्र-छात्राओं को नशा न करने की शपथ दिलाई गई व जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में उप पुलिस अधीक्षक मोहन सारवान, थाना प्रभारी कोतवाली कंचन ठाकुर, जिला क्रीड़ा अधिकारी वंदना रघुवंशी, कोच रोशनी सोनकर, ऑस्कर एरिन, पवन कुमार आरती शर्मा आदि शामिल हुए।

### बाबा बटेश्वर महादेव के लिए रवाना होंगे कावड़िए

**नर्मदापुरम।** जिले से भोपाल तक विशाल कांवड़ यात्रा सेवा का संकल्प जन कल्याण समिति के माध्यम से कल निकलेगी। कल सुबह 8 बजे कांवड़िए सेठानी घाट से नर्मदा का जल भरकर पुराने भोपाल स्थित बाबा बटेश्वर महादेव मंदिर के लिए रवाना होंगे। यहां सभी भगवान भोलेनाथ का अभिषेक करेंगे। इस कावड़ यात्रा में शामिल होने एक हजार से अधिक कांवड़िए आज शाम को अमरकंटक एक्सप्रेस से नर्मदापुरम पहुंचे। यात्रा संयोजक चेतन भार्गव ने बताया कि कल सुबह 8 बजे सभी कांवड़िए भोपाल के लिए पैदल रवाना होंगे। यात्रा संयोजक श्री भार्गव ने बताया कि कल सुबह 8 बजे आचार्य सोमेश परसाई विधि विधान से माँ नर्मदा का पूजन कराएँगे इसके बाद सभी कांवड़िए सेठानी घाट से माँ नर्मदा का जल भरकर भोपाल के लिए रवाना होंगे। कावड़ यात्रा नर्मदापुरम के सेठानी घाट से शुरू होगी जो कि शहर के सराफा चौक , न्यू जयस्तंभ चौक , सातरास्ते होते हुए ओवरब्रिज तिराहे से बुदनी के लिए रवाना होगी।

## नपा का हांका दल हुआ सक्रिय पशुओं को गोशाला में पहुंचाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

नपा द्वारा बारिश के दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों से आ रहे और सड़कों पर घूम रहे बेसहारा पशुओं को पकड़कर गोशाला भेजा रहा है। हांका दल ने नगर के चारों दिशाओं से ग्रामीण क्षेत्र में प्रवेश होने वाली सभी सड़कों पर नाके बंदी कर पशुओं को नगर में प्रवेश करने से रोका जा रहा है।

हाका दल प्रभारी गगन सोनी ने बताया कि नपाध्यक्ष नीतू महेंद्र यादव एवं सीएमओ हेमेश्वरी पटले के निर्देश पर बेसहारा पशुओं को पकड़कर गोशाला भेजने की कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार को हांका दल द्वारा विवेकानंद घाट, सर्किट हाउस चौराहा, आईटीआई रोड, कोठी बाजार, कलेक्टर गेट, पीपल चौक से 37 मवेशियों को पकड़ कर बाईखेड़ी की गौ शाला शिफ्ट किया। आज एक पशु पालकों पर 500 रुपए जुर्माना किया गया है। जिन्होंने अपने पशु को बेसहारा छोड़ दिया था। नपाध्यक्ष नीतू यादव ने नगर के पशु मालिकों से घर पर बांधने की बात कही।

## खबर संक्षेप

### संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन 27 से

**बैतूल।** नगर के सुभाष वार्ड स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में 27 जुलाई से 6 अगस्त तक 11 दिवसीय अभिषेकात्मक महारुद्राभिषेक आचार्य पंडित ललित पूरी के संयोजन में होने जा रहा है। इस अवसर पर संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा का भी आयोजन किया जाएगा। कथा वाचन का पुण्य कार्य इंदौर से पधारे कथावाचक पंडित दीपक दीक्षित श्रीविद्याधाम इंदौर द्वारा किया जाएगा। आज 26 जुलाई को सुबह 11 बजे भव्य शोभा यात्रा निकली जाएगी। श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 30 जुलाई से 5 अगस्त तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक किया जाएगा। कथा में राधा-कृष्ण लीला, भक्त प्रहलाद, ध्रुव चरित्र, गोवर्धन पूजा जैसे प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया जाएगा। पूर्णाहुति एवं विशाल भंडारे का आयोजन 6 अगस्त को दोपहर 2 बजे से किया जाएगा। इस पूरे धार्मिक अनुष्ठान का मार्गदर्शन संयोजक एवं आचार्य पं. ललित पुरी, रेणुका माता सिद्धपीठ धामनगांव, बैतूल के सान्निध्य में होगा।

### सफल उद्यमियों ने साझा किए अनुभव

**बैतूल।** स्वदेशी जागरण मंच एवं स्वावलंबी भारत अभियान का एक दिवसीय जिला विचार एवं प्रशिक्षण वर्ग 23 जुलाई को भारती एग्रो क्लस्टर महुपानी में सम्पन्न हुआ। इस शिविर में कुल 165 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण वर्ग में युवाओं को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में प्रेरित करने के साथ-साथ स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का संदेश दिया गया। इस अवसर पर स्वदेशी जागरण मंच के क्षेत्र संयोजक सुधीर दातें, प्रांत संगठन मंत्री हेमन्त रावत, प्रांत महिला सहकार्य प्रमुख हेमलता कुंभारे, विभाग संयोजक योगेश मोहन सेठा, विभाग विस्तारक अरुण मालवीय सहित अन्य गणमान्य वक्ताओं ने मार्गदर्शन दिया।

## माचना में पानी खत्म, दो दिन के अंतराल में जल सप्लाई

# ताप्ती से जल लाकर शहर में हो रही सप्लाई, कम बारिश बनी समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

बारिश की लंबी खेंच के कारण माचना का पानी सूख गया। जिसका सीधा असर शहर की पेयजल सप्लाई पर पड़ रहा है। हालात यह है कि जहां एक दिन के अंतराल में पेयजल सप्लाई की जा रही थी, उसे अब दो दिन के अंतराल में कर दिया है। जिससे लोगों को बारिश में भी पेयजल संकट जैसे हालातों का सामना करना पड़ रहा है।दरअसल पहली बार जुलाई में अल्पवर्षा की स्थिति के चलते माचना नदी का जलस्तर घट गया है। नदी में पानी कम होने से नगरपालिका ने शहर में दो दिन के अंतराल से पेयजल सप्लाई का निर्णय लिया है। इस साल में यह दूसरी बार है, जब नगरपालिका को पेयजल सप्लाई के समय में परिवर्तन करना पड़ा है। बताया गया कि माचना डैम में पानी खत्म होने से डैम से होने वाली सप्लाई को बंद कर दिया गया है और ताप्ती से पानी लाकर शहर में सप्लाई किया जा रहा है। बता दे कि मई में भी माचना का पानी खत्म होने के बाद शहर में दो दिन के अंतराल से पेयजल सप्लाई शुरू कर दी थी। यह व्यवस्था करीब सवा माह चली थी।

### जैसे-तैसे लौटी थी व्यवस्था फिर बेपटरी

जुलाई के शुरूआत में माचना नदी में अचानक बाढ़ का पानी आने के बाद नगरपालिका ने शहर में एक दिन के अंतराल से पेयजल सप्लाई शुरू कर दी थी। जैसे-तैसे व्यवस्था पटरी पर लौट रही थी, कि बारिश पर ब्रेक लग गया। जिसकी वजह से माचना में जलस्तर कम हो गया। वहीं बारिश का सीजन शुरू होने के बाद डैम की गाद बाहर निकालने नगरपालिका ने डैम के दो गेट खोले थे ताकि बाढ़ का पानी आए तो पूरा कचरा और गाद पानी के साथ बहकर निकल जाए। गेट खुलने से नदी में आया पानी बहकर निकल गया, लेकिन बाद में बारिश नहीं होने से पानी कम रह गया। बताया गया कि अभी माचना में पानी नहीं है और यदि जल्द ही तेज बारिश नहीं हुई तो पेयजल सप्लाई इसी तरह संचालित करनी पड़ेगी।



### जुलाई में कम बारिश होने से उत्पन्न हुई समस्या

आमतौर पर जिले में जुलाई के समय अच्छी बारिश होती है। लेकिन इस बार मानसून ने दगा दे दिया। जुलाई के शुरूआत में तो अच्छी बारिश हुई, लेकिन बाद में बारिश पर ब्रेक लग गया। बारिश नहीं होने से माचना नदी में पानी नहीं आ पाया, जो पानी आया था, वह भी गेट खुले होने के कारण बह गया। ऐसे में यदि जल्द ही बारिश नहीं होती है तो नगरपालिका के लिए मुश्किलें बढ़ सकती हैं। हालांकि माचना डैम के खाली होने से नपा के सामने अभी से पेयजल सप्लाई को लेकर समस्या खड़ी हो गई है। ताप्ती बैराज से ही पूरे शहर में पेयजल सप्लाई हो रहा है। जिसके कारण शहर के वार्डों में दो दिन के अंतराल में पानी दिया जा रहा है।

### प्रतिदिन एक करोड़ लीटर से अधिक पानी की खपत

*शहर के 33 वार्डों में करीब 13500 नल कनेक्शनधारी है। जिन्हें माचना फिल्टर प्लांट से पानी की सप्लाई की जाती है। नगरपालिका ने इन वार्डों में पानी सप्लाई के लिए शेड्यूल निर्धारित कर रखा है, जिसमें 16-16 वार्डों में एक-एक दिन के अंतराल से पानी दिया जाता है। प्रतिदिन एक करोड़ लीटर से अधिक पानी की खपत शहर में होती है। चूंकि माचना में पानी खत्म हो चुका हैं तो ऐसे में पूरी पानी की सप्लाई ताप्ती पर निर्भर हो गई है। ताप्ती से लगातार पानी लिए जाने के बाद भी शहर में पूर्ति कर पाना मुश्किल है। इसलिए दो दिन के अंतराल से पुनः पानी की सप्लाई करने का निर्णय लिया गया है।*

### जिले में अभी तक 398.7 मिमी औसत वर्षा दर्ज

*जिले की औसत वर्षा 1083.9 मिमी है तथा जिले में अभी तक 398.7 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 394.2 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 25 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 14.1 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 25 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील बैतूल में 18.2, घोड़ाडोंगरी में 21.0, चिचोली में 5.4, शाहपुर में 16.2, मुलताई में 27.4, प्रभात पट्टन में 11.3, आमला में 30.0, भैंसदेही में 6.0, आठनेर में 5.1. तथा भीमपुर में 0.0 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।*

### सप्लाई शुरू की

जुलाई में बारिश कम होने से माचना नदी में पानी कम हो गया है। पानी की कमी को देखते हुए पुन: दो दिन के अंतराल से शहर में पेयजल सप्लाई शुरू की गई है। जब तक नदी में पर्याप्त पानी नहीं आ जाता हैं,सप्लाई दो दिन के अंतराल से जारी रहेगी।

**- धीरेंद्र राठौर,**
जलशाखा प्रभारी, नगरपालिका बैतूल

## बाइक को बचाने के दौरान हुआ हादसा

# हाईवे पर ट्रेवलर के आरपार हुई रेलिंग, बाल-बाल बचा ड्राइवर




**बैतूल।** बैतूल-इंदौर फोरलेन पर एक ट्रेवलर वाहन सड़क किनारे लगी रेलिंग में घुस गया। हादसे में रेलिंग वाहन के आगे वाले हिस्से से लेकर पीछे तक आरपार हो गई।

हादसा कोतवाली थाना क्षेत्र के खेड़ी चौकी अंतर्गत दनोरा गांव के पास हुआ। बताया जा रहा है कि एक युवती काले रंग की बाइक चला रही थी और उसके पीछे एक युवक बैठा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक सवार युवती सड़क पर गलत दिशा में आ गई, जिससे सामने से आ रही ट्रेवलर को अचानक मोडऩा पड़ा और वाहन रेलिंग से जा टकराया। ट्रेवलर वाहन के ड्राइवर राहुल सिंह परिहार ने बताया कि यह नई गाड़ी थी, जो पीथमपुर से उड़ीसा स्थित एक शोरूम की ओर जा रही थी। वे अकेले ही वाहन चला रहे थे। उन्होंने बताया कि टक्कर से बचने के लिए वाहन को किनारे मोडऩे की कोशिश की, जिससे यह हादसा हो गई। एक अन्य प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि सड़क किनारे की रेलिंग खुली हुई थी, जो वाहन में सीधे जा घुसी। प्रत्यक्षदर्शियों ने हादसे के लिए लापरवाह बाइक सवारों को जिम्मेदार ठहराया और नाराजगी जताई। इस मामले को लेकर खेड़ी चौकी प्रभारी राकेश सरेआम से चर्चा की गई तो उन्होंने बताया कि घटना की कोई शिकायत अब तक थाने में दर्ज नहीं हुई है। यदि कोई शिकायत आती है तो मामले की जांच की जाएगी।

## सखियों ने वृक्षों की रक्षा का लिया संकल्प

# प्राणी जीवन का मूल आधार है वृक्षः आस्था जैन




**बैतूल।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड आठनेर के निर्देशन में नवांकुर सखी हरियाली यात्रा कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में सेक्टर सातनेर के ग्राम हिवरा में नवांकुर संस्था युवा आस्था सेवा समिति द्वारा हरियाली यात्रा का आयोजन किया गया। ग्राम में पारंपरिक वाद्ययंत्रों के वादन सहित भजन कीर्तन करते हुए कलश यात्रा से कार्यक्रम का शुभारंभ किया।यात्रा का समापन ग्राम के अंबा माई मंदिर में किया गया। दीप प्रज्वलन एवं अतिथि स्वागत के बाद कार्यक्रम की भूमिका एवं उद्देश्य को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड आठनेर की विकासखंड समन्वयक मधु चौहान ने उपस्थित ग्रामीणों के बीच रखा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत आठनेर की मुख्य कार्यपालन अधिकारी आस्था जैन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को समर्पित नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन प्रेरणादायक है। वृक्ष जीवन के मूल आधार हैं, जो हमें स्वच्छ वायु, जल संचयन,मृदा संरक्षण और जैव विविधता प्रदान करते हैं। पौधारोपण और संरक्षण यह केवल औपचारिकता नहीं हमारा नैतिक दायित्व भी है।

# भौंरा में महिलाओं ने निकाली कांवड़ यात्रा



**भौंरा ।** सावन माह के शुभ अवसर पर गुरुवार को नगर में सैकड़ों महिलाओं द्वारा भक्ति और उत्साह से ओतप्रोत कावड़ यात्रा निकाली गई। इस यात्रा की खास बात यह रही कि पूरी यात्रा का आयोजन महिलाओं द्वारा ही किया गया, जो नगर में महिला सहभागिता और श्रद्धा का अनूठा उदाहरण बना।

रामलीला चौक स्थित शंकर मंदिर से यात्रा का शुभारंभ डीजे पर शिवभक्ति भजनों की धुनों के बीच हुआ। हाथों में कावड़ और हर-हर महादेव के जयकारों से माहौल गूंज उठा। महिलाओं का उत्साह देखते ही बनता था। कावड़ यात्रा मां वीजासेन मंदिर नदी तट तक पहुंची, जहां सभी शिवभक्तों ने विधिपूर्वक जल भरा। इसके पश्चात यात्रा नगर के मुख्य मार्ग बजरंग मंदिर, मेन रोड, सीमेंट रोड होते हुए पुनः शंकर मंदिर पर समाप्त हुई, जहां भगवान शिव का जलाभिषेक कर प्रसादी वितरण किया गया। यात्रा में शामिल महिलाओं ने कहा सावन माह में हम सभी बहनों ने मिलकर यह कावड़ यात्रा शिव भक्ति और सामाजिक एकता के लिए आयोजित की है। यह सिर्फ धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि महिला सशक्तिकरण का प्रतीक भी है। नगरवासियों ने जगह-जगह फूल वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। आयोजन की भव्यता और अनुशासन ने सभी को प्रभावित किया।

## मंत्री विजय शाह का किया स्वागत

# लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का जीवन चरित्र समाज के लिए प्रेरणादायकः जनजातीय मंत्री

**बैतूल।** मप्र के जनजातीय मंत्री विजय शाह शुक्रवार को एक दिवसीय प्रवास पर बैतूल पहुंचे। इस दौरान स्थानीय सर्किट हाउस पर जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने जनजातीय मंत्री श्री शाह का पुष्प गुच्छ से भव्य स्वागत किया।



इस अवसर पर मंत्री श्री शाह को जनसंपर्क विभाग द्वारा मध्य प्रदेश संदेश वाचन की प्रति ससम्मान भेंट की गई। इस अवसर पर जनजातीय मंत्री श्री शाह ने अहिल्या बाई होल्कर को नमन करते हुए कहा कि उनका जीवन चरित्र पूरे समाज के लिए प्रेरणादायक है। आधुनिक समाज में अपने क्रियाकलापों, न्याय यवस्था से अहिल्या माता ने समाज और देश को सशक्त मार्ग दिखाया है। उनका शासन काल सुराज, स्वराज, सुशासन, सुव्यवस्था, संपन्नता, विकास और निर्माण का पर्याय था। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने इंदौर के राजवाड़ा में कैबिनेट कर अहिल्या माता के आदर्शों, उनके चरित्रों, समाज के लिए किए गए उनके कार्यों को जनजागृति के रूप में लाने का प्रयास ही नहीं किया, बल्कि आने वाले समय में पाठ्यपुस्तकों में शामिल किए जाने की घोषणा की है। यह कदम आने वाली पीढ्य़ों को अपने इतिहास और सांस्कृतिक विरासत को जोडऩे में अहम भूमिका निभाएगा। अब आने वाली पीढ़ी भी महापुरुषों के जीवन चरित्र को पढ़ पाएगी और समाज का मार्गदर्शन करेंगी, जिसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव का आभार व्यक्त किया है।

# बरेठा से शुरू हुई महिलाओं की पर्यावरण यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भौंरा



मातृशक्ति ने अब हरियाली की कमान भी संभाल ली है। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर सखी योजना के तहत ग्राम बरेठा में महिलाओं ने पर्यावरण संरक्षण के नए अध्याय की शुरुआत की। 100 नवांकुर सखियों को 11-11 पौधे और बीज सौंपकर हरे भविष्य की बुनियाद रखी गई।

यह पहल सिर्फ पौधे लगाने तक सीमित नहीं, बल्कि हर विशेष अवसर पर पौधारोपण करने और उन्हें पालने के संकल्प के साथ महिलाओं की नेतृत्व क्षमता का जीवंत उदाहरण बनी। हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में नवांकुर संस्था जय सेवा वेलफेयर फाउंडेशन की अगुवाई में महिलाओं ने पर्यावरण जागरूकता का संकल्प लिया। जन अभियान परिषद की इस योजना के तहत प्रदेश भर की 1.56 लाख नवांकुर सखियां 17 लाख 21 हजार 500 पौधों का रोपण करेंगी। कपुरिया हनोते ने कहा आज गांव की महिलाएं सिर्फ घर की नहीं, धरती की भी रखवाली कर रही हैं। पौधा लगाना आसान है, लेकिन उसे पालना सबसे बड़ा धर्म है। नवांकुर सखियों के रूप में हमारी बहनें आने वाली पीढ्य़ों के लिए हरियाली की सौगात छोड़ रही हैं। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य कपुरिया हनोते, पूर्व सरपंच चुनीकली बाई, ब्रम्हानंद महाराज, रामदीन हनोते, लाल सिंह कड़ोते, भंगूलाल सीलू, रामकिशोर इवने सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे। सभी ने इस यात्रा को एक सामाजिक क्रांति बताते हुए इसे जन-जागृति की नई दिशा बताया। कार्यक्रम का संचालन दीपचंद वर्मा ने किया, जबकि आभार रंजेश कड़ोपे ने जताया। विकासखंड समन्वयक संतोष राजपूत ने बताया कि नवांकुर सखी योजना महिलाओं के हाथों में पर्यावरण सुरक्षा का भरोसा सौंपने की दिशा में एक अनूठा प्रयास है।

## 8 बांधों में जल आवक 10 से 15 प्रतिशत, 80 बांधों में जल भराव शून्य

# निरंतर वर्षा के बाद भी क्षेत्र के 80 बांधों के पेट खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई

वर्षा ऋतु प्रारंभ हुए दो माह से अधिक गुजर गए हैं। अब तक संपूर्ण क्षेत्र में 402.80 मिमी वर्षा दर्ज की गई है किंतु इसके बावजूद क्षेत्र की अधिकांश सिंचाई परियोजनाओं के पेट खाली है, जबकि पिछले वर्ष 25 जुलाई तक अधिकांश बांधों में संतोष जनक जल आवक हो गई थी। मुलताई क्षेत्र की 6 मध्यम सिंचाई परियोजनाओं और 82 लघु सिंचाई परियोजना, कुल 88 सिंचाई परियोजनाओं में से 80 बांधों में जल आवक शून्य है जो की चिंता का विषय है।

सिंचाई विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अब तक जिन 8 बांधों में जल आवक हुई है उसमें भी जल आवक का प्रतिशत 10 से 15 प्रतिशत से अधिक नहीं है। इस वर्ष बीते दो माह से रुक रुक के हो रही वर्षा का उल्लेखनीय एवं चिंताजनक पहलू यह है कि पिछले वर्ष की तुलना में इस वर्ष अधिक वर्षा रिकार्ड की गई है। वर्तमान समय तक इस वर्ष 2025 में मुलताई क्षेत्र में जहां 402 .80 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है वही वर्ष 2024 में जुलाई के वर्तमान समय तक 340. 80 मिलीमीटर वर्षा हुई थी किंतु पिछले वर्ष अब तक क्षेत्र के 50 प्रतिशत से अधिक बांधों में जल आवक 50 प्रतिशत के लगभग थी और पारस डोह बांध में जल स्तर मेंटेन करने हेतु गेट खोलना प्रारंभ कर दिया गया था।



### हमारे सामने आ रही है पर्यावरण की अनदेखी

अधिक वर्षा के बावजूद बांधों में जल आवक की कमी के संबंध में कार्यपालन यंत्री सीएल मरकाम बताते हैं कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी बेरुखी अब हमारे सामने आ रही है। क्षेत्र में वर्षा तो पिछले वर्ष की तुलना में अधिक हुई किंतु यह वर्षा संपूर्ण क्षेत्र में समान रूप से नहीं हो रही, बल्कि किसी क्षेत्र किसी ग्राम में कम तो कहीं ज्यादा हो रही है इसलिए बांधों में जल आवक की कमी बनी हुई है।

### अब तक किस बांध में हुई कितनी जल आवक

मुलताई क्षेत्र में मध्यम सिंचाई परियोजना के 6 बड़े बांध है जिसमें बुंडाला बांध मे अब तक 15.74 प्रतिशत जल आवक हुई है तो वही क्षेत्र की महत्वाकांक्षी चंदोरा सिंचाई परियोजना में 8.23 प्रतिशत जल भराव हुआ है। सोनखेड़ी बांध में 19.63 प्रतिशत जल आवक हुई है तो पारस ?ोह बांध में जल आवक दूसरे बांधो की तुलना में 45.69 प्रतिशत जल भराव हुआ है। बादल डोह बांध में यह जल आवक मात्र 8.98 प्रतिशत ही है और इससे भी अधिक निराशाजनक स्थिति देहगुड़ बांध की है जहां मात्र 3.71 प्रतिशत जल आवक हुई है। पंचधरा बांध में यह जल भराव का प्रतिशत 11.81 है तो बघोली में मात्र 9 प्रतिशत जल आवक हुई है ।

### जल आवक कम है

क्षेत्र में हो रही वर्षा के चलते सिंचाई अमला अलर्ट पर है, क्षेत्र के संपूर्ण 88 बांधो की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सिंचाई विभाग ने सतत मॉनिटरिंग प्लान बनाया है। इस बांध सुरक्षा प्लान में सिंचाई विभाग के अधिकारी कर्मचारियों के साथ बांध क्षेत्र के जनप्रतिनिधि एवं कृषको को भी शामिल किया गया है और सभी से कम्युनिकेशन स्थापित किया गया है। अधिकारी कर्मचारियों की रोस्टर प्रणाली से ड्यूटी लगाई गई है वर्षा के चलते सभी बांधों की कड़ी निगरानी की जा रही है किंतु इस वर्ष समान वर्षा न होने के कारण बांधों में जल आवक कम है।

**सीएल मरकाम,**
कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग मुलताई

# सोपई में वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का भूमि पूजन

## हर घर में पहुंचेगा शुद्ध जल, 162 ग्राम होंगे लाभान्वित

**मुलताई।** विधायक चंद्रशेखर देशमुख द्वारा ग्राम पंचायत सोपई में जल जीवन मिशन के अंतर्गत वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का भूमि पूजन किया । इस वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से क्षेत्र के 162 ग्राम लाभान्वित होगे और लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। अतिमहत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के माध्यम से शासन की मंशा हर घर को नल लगाकर प्रत्येक घर में शुद्ध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करना हैं। ताकि प्रत्येक घर को शुद्ध पीने का पानी प्राप्त हो सके।इस योजना के द्वारा जल निगम संबंधित ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजलापूर्ति प्रत्येक घर तक नल के जरिए सुनिश्चित करेगा। विधायक चंद्रशेखर देशमुख द्वारा भूमि पूजन के पश्चात ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि यह योजना ग्रामीण क्षेत्र में शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में एक दूरदर्शी और जनकल्याणकारी पहल है। यह परियोजना गाँव के प्रत्येक नागरिक के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाएगी और उनके शुद्ध पेयजल की समस्या का



निराकरण कर उन्हें शुद्ध पीने के पानी की उपलब्धता सुनिश्चित कराएंगी। इस योजना के द्वारा भाजपा की प्रदेश सरकार पूरे प्रदेश में प्रत्येक घर तक नल से जल पहुंचाकर परिवारों के लिए शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित कर रही है। इस अवसर भाजपा वरिष्ठ नेता राजेश पाठक एवं अन्य भाजपा कार्यकर्ताओं सहित ग्रामवासी एवं संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

बैतूल हेल्पलाइन संपर्क : 9425382122, 8839830267

बी.आर. अंबेडकर कॉलेज आफ एजुकेशन, बैतूल

B.Ed प्रवेश अतिरिक्त चरण

प्रवेश से वंचित शेष रह गये छात्र/छात्राएं निराश न होवें अतिरिक्त चरण में आनलाईन पंजीयन एवं संस्था का चयन 15/07/2025 से 18/07/2025 तक करें। आनलाईन दस्तावेजों का सत्यापन हेल्प सेंटर पर जाकर 23 जुलाई 2025 से 25 जुलाई 2025 तक करायें। सीट आवंटन एवं प्रवेश शुल्क भुगतान की तिथि 23 जुलाई 2025 से 26 जुलाई 2025 तक । प्रवेश परीक्षा नही। प्रथम च्वाईस में भीमराव रामराव अंबेडकर कालेज आफ एजुकेशन, बैतूल (कालेज कोड-BED823) ही लिखें। रिजल्ट-20 वर्षों से EXCELLENT, अनुसूचित जनजाति / अनुसूचित जाति / अन्य पिछडा वर्ग को छात्रवृत्ति सुविधा शासन के नियमानुसार। मेडम या सर बनना निश्चित।

संपर्क: श्रीमती दीपा पंवार 9302846996 | प्राचार्य डॉ. जी.डी. देशमुख 9826231552 | संचालक इंजी. ध्रुवप्रकाश अग्रवाल 9300974327 | इंजी. सर्वेश अग्रवाल 9111788845

## संक्षेप खबर

### सेवानिवृत्त प्रधान पाठक रमेश मिश्रा का निधन



**माखन नगर।** शिक्षक आलोक मिश्रा अखिलेश, अभय , के पिताजी मधुर मिश्रा ,बबलू ,योगेश, आशीष, अमित ,के चाचाजी सेवा निवृत प्रधान पाठक रमेश मिश्रा का शुक्रवार को निधन हो गया वह वह 85वर्ष के थे जिनकी अंतिम यात्रा शनिवार को सुबह 9:00 बजे निज निवास से निकाली अंतिम संस्कार किया जाएगा उनके निधन पर सर्व ब्राह्मण समाज पेंशनर संघ एवं नगर के नागरिको ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

### नवांकुर सखी योजना कार्यक्रम में पौधे बांटै

**माखननगर।** के सेक्टर 02में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा पूरे प्रदेश में नवांकुर सखी योजना कार्यक्रम का शुभारंभ हो चुका हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ हरियाली अमावस्या से किया गया था इसके अंतर्गत ग्राम कोडरवाड़ा में नवांकुर संस्था बाबई समाज कल्याण एवं योजना समिति खिडिया संस्था द्वारा नवांकुर सखी कार्यक्रम आयोजित कर कलश यात्रा हरियाली गीत के साथ निकाली गई। जिसमें नव अंकुर संस्था से जितेंद्र मीणा मेंटर्स दिनेश शर्मा द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा रखी गई।

## एक दिन के सर्वे में सोहागपुर शहर में मिले 282 गौवंश मवेशियों सहित 496 पालतू पशु

# नगर परिषद ने शुरू की सड़कों पर भटकते मवेशियों के पशुपालकों से जुर्माना वसूली

**शहर की सड़कों से मवेशियों को हटाने के साथ ही पशुधन सर्वे भी शुरू किया है। जिसमें शहर में लगभग 500 पालतू पशु पाए गए हैं। वहीं सड़क पर घूमते मवेशियों के पशुपालकों को चिन्हित कर उनसे जुर्माना वसूली भी निकाय द्वारा की जा रही है**



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सोहागपुर नगर निकाय ने शहर की सड़कों से मवेशियों को हटाने के साथ ही पशुधन सर्वे भी शुरू किया है। जिसमें शहर में लगभग 500 पालतू पशु पाए गए हैं। वहीं सड़क पर घूमते मवेशियों के पशुपालकों को चिन्हित कर उनसे जुर्माना वसूली भी निकाय द्वारा की जा रही है।

सोहागपुर नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा के कार्यालय से प्राप्त जानकारी अनुसार गुरुवार से निकाय द्वारा शहर के समय सभी 15 वार्डों में पालतू पशुओं का सर्वे प्रारंभ किया गया है। जिसे पशुधन सर्वे शीर्षक दिया गया है। गुरुवार को किए गए सर्वे में शहरी क्षेत्र में कल 496 पालतू पशु पाए गए हैं। इन पशुओं में गौवंश सहित श्वान, बिल्ली, घोड़ा, गधा, सूअर तथा बकरी सम्मिलित हैं। नप स्वच्छता शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार सभी वार्ड प्रभारियों द्वारा पशुधन सर्वे किया जा रहा है। इस सर्वे से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर पशुओं की टैगिंग कराए जाने की संभावना नप सूत्रों ने जताई है। सर्वे में अब तक सोहागपुर शहर में 282 गौवंश मवेशी पाए गए हैं।

### पुराने कॉलेज में अस्थाई गोशाला

उल्लेखनीय है कि गुरुवार को सोहागपुर एसडीएम अनिल जैन व नगर परिषद सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने शहर में विविध स्थलों का निरीक्षण किया था। जिसके पीछे मंशा अस्थाई गौशाला के लिए स्थल चिन्हित करने की थी। इस दौरान अधिकारियों ने शहर स्थित उपमंडी परिसर व नर्मदापुरम मार्ग स्थित पुराने कॉलेज भवन का अवलोकन किया है। नप सूत्रों ने बताया कि पुराने कॉलेज भवन में फिलहाल अस्थाई गौशाला शुरू की जा सकती है और सड़कों पर घूमते मवेशियों को पकड़कर यहां पहुंचाया जाएगा।

### की गई जुर्माना वसूली

सोहागपुर नप से प्राप्त जानकारी अनुसार



पालतू गौवंश को भटकने के लिए सड़क पर छोड़ने वाले पालकों पर कार्रवाई प्रारंभ हो गई है। पहले इस श्रेणी के पशुपालकों पर रु100 प्रति पशुपालक जुर्माना करने का आदेश था। तथा इसके तहत चार पशुपालकों से उनके मवेशी भटकने पर रु400 जुर्माना वसूला गया। वहीं गत दिनों सीएमओ धर्मेंद्र शर्मा ने आदेश दिए थे कि अब जुर्माना राशि रु200 की जाए। इसके बाद एक पशुपालक पर रु200 जुर्माना किया गया। अब तक रु600 का जुर्माना किया जा सका है। नागरिकों के अनुसार यदि ईमानदारी से जुर्माना किया जाए तो हजारों रुपए की वसूली मवेशियों को भटकने के लिए छोड़ने वाले पशुपालकों से हो सकती है।

## रेलवे कॉलोनी में अपने क्वार्टर में मृत मिला सेक्शन इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

रेलवे कॉलोनी में निवासरत कटनी से 2 माह पहले तबादला होकर आए सेक्शन सीनियर इंजीनियर के निवास का दरवाजा 2दिनतक ना खुलने पर आसपास के लोगों को चिंता होने लगी तथा उन्होंने जीआरपी पुलिस एवं आर पी एफ पुलिस स्टेशन रोड पुलिस को सूचना दी उन्होंने बताया कि इंजीनियर प्रणव पांडे का सब मिला है स्टेशन रोड थाना प्रभारी आदित्य सेन के अनुसार बताया गया कि गुरुवार रात्रि 10:00 बजे आदर्श कॉलोनी के क्वार्टर नंबर आर ए आर बी 2 में 38 वर्षी प्रणव पांडे नृत्य अवस्था में मिले जिनका पंचनामा तैयार किया गया आरपीएफ थाना प्रभारी बब्बन सिंह एवं सीआरपी थाना प्रभारी योगेश पचौरी ने स्टेशन रोड थाने को सूचना दी सभी ने मिलकर पंचनामा पहुंचकर मौके पर तैयार किया ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया प्रणाम का 100 फर्श पर पड़ा हुआ था मृतक की पत्नी बच्चे साथ नहीं रहते थे वह मूल रूप से कटनी का निवासी था दो माह पहले ही पिपरिया पद स्थापना हुई थी परिजनों को सब सौंप दिया गया है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## स्टेट हाईवे पर बस चालकों की मनमानी पर कब लगेगी रोक?



**सोहागपुर।** समूचे नर्मदापुरम जिले में और खासकर सोहागपुर क्षेत्र में निजी बस चालकों की मनमानी जारी है। ये चालक बीच हाईवे पर बस रोककर सवारियां उतारते व बिठाते हैं। जिससे बस के आगे बढ़ने तक स्टेट हाईवे पर यातायात बाधित होता है। यह समस्या नियमित ही जिले के सभी शहरों व कस्बों में बनती है। आवश्यकता है कि जिला प्रशासन इस ओर भी ध्यान दे।

## पीएम श्री विद्यालय की छात्राओं ने स्कूल में किया पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर




छात्राएं एक पौधा अपने घर में तथा एक पौधा स्कूल में रोपें व उनका संरक्षण करेंगी। यह संकल्प पीएम श्री शासकीय उच्चतर कन्या माध्यमिक विद्यालय सोहागपुर में शाला प्राचार्य सुनीता गढ़वाल ने छात्राओं को दिलाया है। संकल्प सह पौधारोपण आयोजन शुक्रवार को शाला में किया गया था। पीएम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोहागपुर में शुक्रवार को छात्राओं ने पौधरोपण आयोजन किया। इस दौरान कक्षा 12 की छात्राओं ने स्कूल परिसर में पौधे रोपे। व्यवसायिक लेक्चर दौरान शिक्षक जितेंद्र शर्मा ने ग्रीन स्किल्स की क्लास ली। जिसमें उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति दायित्व समझाए। शर्मा ने हरित कौशल एवं ग्रीन जॉब्स की भी जानकारियां दी। शाला प्राचार्या सुनीता गढ़वाल ने एक पौधा स्कूल में तथा एक पौधा घर में लगाने का संकल्प छात्राओं को दिलाया। कार्यक्रम में प्राचार्या सुनीता गढ़वाल, व्यवसायिक नोडल सुरभि यादव, व्यवसायिक प्रशिक्षक विवेक माझी, आईटी शिक्षिका जूही शर्मा व स्टाफकर्मी उपस्थित रहे।

### पांच दिवसीय महारुद्राभिषेक संपन्न



**इटारसी।** पवित्र पावन श्रावण माह में भगवान भोलेनाथ की पूजा आराधना का क्रम निरंतर जारी है। इसी क्रम में साईं की बगिया न्यास कॉलोनी में अथर्व ज्योतिष परामर्श केंद्र द्वारा जारी पांच दिवसीय भव्य और अलौकिक महारुद्राभिषेक का आयोजन शुक्रवार को संपन्न हुआ। इस आयोजन में भगवान शंकर के प्रतीक स्वरूप सवा लाख रुद्री भी बनाई गई। आयोजन में पूजन अर्चन पंडित अरुण शास्त्री के द्वारा कराया गया। शुक्रवार को विश्राम दिवस पर विधिवत पूजन अर्चन एवं भोग प्रसादी किया गया। इस अवसर पर ज्योतिष आचार्य पं अखिलेश वर्मा एवं राघव गर्ग भी उपस्थित रहे।

## रघुवंशी क्षत्रिय महासभा की कार्यकारिणी का हुआ गठन



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

पिपरिया रघुवंशी क्षत्रिय महासभा द्वारा प्रदेश कार्यकारिणी कागठन किया गया है। प्रदेश कार्यकारिणीमे प्रदेशाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति से पिपरिया विधानसभा क्षेत्र मैं दो लोगों को पदाधिकारी घोषित किया गया है।

जिनमें नगर पालिका परिषद क्षेत्र में के इंदिरा गांधी वार्डके निवासी व्यापारी वर्ग से ताल्लुक रखने वाले पचमढ़ी रोड निवासी खाद्य पाउडर बीज के थोक एवं फुटकर विक्रेता जयदीप पटेल को समाज के द्वारा प्रदेश महामंत्री क्षत्रिय महासभा कार्यकारणी में घोषित किया गया है। इस दौरान रघुवंशी समाजके तमाम जनप्रतिनिधियों एवंसंगठन की पदाधिकारी यो इष्ट मित्रों के दारा सुबह से ही बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। समाजसेवी के आने से विकास का आश्वासन दिया गया है।

## ग्राम सरकार प्रतिनिधि महासभा में शामिल हुए सोहागपुर जनपद पंचायत के अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर



23 जुलाई को मैहर में मप्र राज्य पंचायत परिषद ने त्रि स्तरीय पंचायती राज संस्थाओं के सभी प्रतिनिधियों व सरपंचों की महासभा की। जिसमें मप्र जपं अध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष व सोहागपुर जपं अध्यक्ष जालमसिंह पटेल भी सम्मिलित हुए। पटेल ने बताया कि ऑल इंडिया पंचायत परिषद के मुख्य महामंत्री शीतला शंकर विजय मिश्र ने कहा कि मप्र सरकार विश्वसनीयता खो रही है। 23 जुलाई 2024 को अम्बेडकर पार्क भोपाल में मप्र के सरपंच सम्मेलन में मप्र के मंत्रियों को 28 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया था। तब मंत्रियों नै सरपंचों को मांग स्वीकृति का आश्वासन दिया, लेकिन मांगें पूरी नहीं की गई हैं। जालम सिंह पटेल के अनुसार वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संविधान में 73 वें व 74 वें संशोधन में राज्य सरकार ने पंचायती राज एक्ट बना त्रिस्तरीय पंचायती राज संस्था निर्वाचन प्रारंभ किये। लेकिन संविधान संशोधन व पेशा पंचायत एक्ट 1996 द्वारा प्रदत्त अधिकार पंचायती राज संस्थाओं को आज तक हस्तांतरित नहीं किये गए हैं। ना ही सम्मान जनक मानदेय निर्वाचित प्रतिनिधियों को दिया है। परिषद ने मप्र के मुख्यमंत्री से अपील की है कि 73 वें संविधान संशोधन द्वारा प्रदत्त संवैधानिक अधिकारों एवं मासिक मानदेय, पेंशन आदि त्रिस्तरीय पंचायती राज निर्वाचित प्रतिनिधियों को दें। महासभा को आल इंडिया अध्यक्ष पंचायत परिषद अशोक सिंह, मप्र जपं अध्यक्ष संघ प्रदेश अध्यक्ष तथा सोहागपुर जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, अशोक सिंह सेंगर अध्यक्ष मप्र राज्य पंचायत परिषद आदि ने भी संबोधित किया। महा सम्मेलन में 23000 ग्रापं के सरपंच व पंच सहित जपं अध्यक्ष एवं सदस्य शामिल हुए। सम्मेलन की अध्यक्षता मैहर जिपं अध्यक्ष विजय सिंह पटेल ने की तथा नरेंद्र सिंह चौहान दावतपुरा प्रदेश प्रवक्ता मप्र पंचायत परिषद, महेंद्र सिंह बुंदेला राष्ट्रीय सचिव ऑल इण्डिया पंचायत परिषद, विष्णुधर उरमलिया आदि ने विचार प्रकट किये।

## शिवपुर मंडल में भाजपा की संगठनात्मक बैठक संपन्न, मन की बात कार्यक्रम हुआ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



भारतीय जनता पार्टी शिवपुर मंडल में आज एक महत्वपूर्ण परिचयात्मक एवं संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पार्टी संगठन को और अधिक सशक्त और सक्रिय बनाने पर गहन चर्चा की गई। बैठक का प्रमुख विषय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के लोकप्रिय 'मन की बात' कार्यक्रम को जन-जन तक पहुँचाने की रणनीति भी रहा। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं नर्मदापुरम जिला प्रभारी श्रीमती सीमा सिंह जी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि "मोदी जी का 'मन की बात' न केवल एक संवाद है, बल्कि यह पार्टी और समाज को दिशा देने वाला कार्यक्रम है। कार्यकर्ताओं को चाहिए कि वे इसे आमजन तक पहुँचाकर जनजागरण का माध्यम बनाएं। भाजपा जिला अध्यक्ष प्रीति शुक्ला ने कहा कि संगठन की मज़बूती तभी संभव है जब कार्यकर्ता जमीनी स्तर पर सक्रिय रहें। उन्होंने आगामी योजनाओं और कार्यक्रमों की सफलता के लिए कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। वरिष्ठ भाजपा नेता योगेंद्र मंडलोई, पूर्व जिपंशंभू सिंह भाटी आदि मौजूद रहे।

## लायंस क्लब ने किया नेत्र शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

शक्रवार को विशाल नेत्र शिविर का आयोजन गायत्री मंदिर माखन नगर बाबई मे किया गया जिसमें 100 से अधिक लोगो ने रजिस्ट्रेशन कराया गया। सभी मरीजों की शुगर एवं ब्लड प्रेशर का चेकअप किया गया तदोपरान्त नेत्र परीक्षण कर मोतियाबिंद चिन्हित मरीजों को बस द्वारा निशुल्क लैंस प्रत्यारोपण हेतु सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय बैरागढ़ भेजा गया। लायंस क्लब द्वारा सभी मरीजों को फल एवं बिस्किट वितरण किया है। अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राजपूत, वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश अग्रवाल सुनील अग्रवाल , देवी सिंह राजपूत ,महेश खंडेलवाल , उपादान डेरिया , राजेश मीना दीपक वर्मा ,मुकेश सोनी अंशुल मीना संदेश अग्रवाल उपेन्द्र डॉअतुल पटेल, अमरचंद, सजल जांगड़े राजकुमार शास्त्री आदि ने सेवा दी।

## खाद वितरण संकट पर पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष शंभू सिंह भाटी हुए सक्रिय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी मालवा



वर्तमान में खाद की कमी एवं सीमित वितरण व्यवस्था के कारण किसानों को हो रही समस्याओं को लेकर पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता श्री शंभू सिंह भाटी जी ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए माननीय कलेक्टर महोदया से दूरभाष पर चर्चा की। उन्होंने अवगत कराया कि इस समय केवल दो काउंटरों से ही खाद का वितरण किया जा रहा है, जिससे किसानों को लंबी कतारों और भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। श्री भाटी ने कलेक्टर को यह भी बताया कि पूर्व में खाद वितरण हेतु जो रैक प्राप्त हुआ था, वह किसानों की संख्या और मांग के अनुपात में अपर्याप्त है। इस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए कलेक्टर ने एस.डी.एम. को अधिक वितरण काउंटर खोलने के निर्देश जारी किए। इसके अतिरिक्त भाटी ने प्रदेश के प्रभारी मंत्री राकेश सिंह से भी दूरभाष पर चर्चा कर खाद संकट की गंभीरता से उन्हें अवगत कराया। मंत्री महोदय ने भी शीघ्र एक अतिरिक्त खाद रैक की व्यवस्था का आश्वासन दिया, जिससे किसानों को राहत मिल सके। इस विषय पर एस.डी.एम. से व्यक्तिगत भेंट कर खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने, साथ ही मूंग की समय पर तुलाई के विषय में भी विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर एक प्रतिनिधिमंडल ने भी एस.डी.एम. से भेंट कर किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की। प्रतिनिधि मंडल में शंभू सिंह भाटी वरिष्ठ भाजपा नेता, अजीत मंडलोई, सतनारायण लोवंशी, तुलसीराम यदुवंशी, नरहरी पटेल, मुन्ना बनेटिया, ललित सोनी, श्री दादू भाई तथा अनेक वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

## पुलिस की समझाइश, परिवार की खुशहाली के लिए नशे से बचें



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

नशा नहीं है, नाश है, परिवार का सत्यानाश है। इन स्लोगन को लेकर शुक्रवार को सिटी पुलिस कृषि उपज मंडी परिसर में हम्मालों, तुलावटियों, किसानों के बीच पहुंची। यहां सभी को नशे से दूरी, है जरूरी अभियान के अंतर्गत समझाईश देकर नशा न करने का संकल्प दिलाया। एसडीओपी वीरेन्द्र मिश्रा, टीआई गौरव बुंदेला, मंडी के प्रभारी सचिव रामनाथ इवने के साथ मंडी का स्टाफ, विधायक प्रतिनिधि देवेन्द्र पटेल, व्यापारी हिमांशु बाबू अग्रवाल सहित अनेक लोग मौजूद रहे। एसडीओपी वीरेन्द्र मिश्रा ने कहा कि नशा न सिर्फ परिवार नष्ट करता है, बल्कि यह अपराध की ओर ले जाता है, इससे दुर्घटनाएं होती हैं, घर में कलह होती है और आपकी मेहनत से कमाये धन की बर्बादी होती है। यह धन जो आपके परिजनों के चेहरों पर खुशी बिखेर सकता है, वह नशे के माध्यम से परिवार को दुख पहुंचाता है।

### सुब्रोतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2025

## सांदिपनि स्कूल के खिलाड़ी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी




राज्य स्तरीय सुब्रोतो मुखर्जी फुटबॉल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन सीहोर में किया गया । जिसमें संभाग स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 17 वर्ष आयु वर्ग प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश से शासकीय विद्यालयों का प्रतिनिधित्व करने वाला एकमात्र विद्यालय सांदीपनि विद्यालय पचमढ़ी है। लगातार 4 वर्षों से प्रतियोगिता में राज्य स्तर पर सहभागिता कर रहा है ।जो नगर के लिए गौरव की बात है। प्रतियोगिता में शामिल होने का संपूर्ण व्यय विद्यालय के प्राचार्य मनीष गुप्ता, रुपनारायण श्रीवास,संतोष यादव, द्वारा वहन किया जा रहा है ।प्रतियोगिता में खेल शिक्षक संतोष यादव ,किसन लाल उइके, कोच व मैनेजर के रूप में उपस्थित रहे ।शासकीय विद्यालय की इस उपलब्धि पर संयुक्त संचालक नर्मदापुरम ,संभागीय क्रीड़ा अधिकारी ,जिला शिक्षा अधिकारी ,जिला क्रीड़ा अधिकारी, जिला फुटबॉल संघ समस्त विकासखंड क्रीड़ा अधिकारियों एवं नगर के समस्त नागरिकों खिलाड़ियों द्वारा शुभकामनाएं दी गई ।

### पिपरिया को जिला बनाने जायसवाल ने सीएम से की भेंट

**पिपरिया।** मध्यप्रदेश सरकार के



मुखिया एवंमुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव केदारा मुख्यमंत्री कार्यकालके शपथ ग्रहण के बाद पिपरिया विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 139को डॉ मोहन यादव के दारा जिला बनाने की घोषणा की गई थी। मुख्यमंत्रीकी घोषणा के बाद शासन स्तर पर तैयारी भी की जा रही थी। प्रशासन के अधिकारियोंके द्वारा नगर पालिका परिषद क्षेत्र सेलेकर शहर सेसटी ग्राम पंचायत मे शासन की भूमि एवं भवनों की जानकारी भी एकत्रित की जा रही थी। तथा लोगों के द्वारा कलेक्टर कार्यालय बनने के लिए अलग-अलग स्थानों की चर्चाएं की जा रही थी। प्रशासन स्तर परत यारी की जा रही है। इसी बात का ध्यान दिलाने के लिए भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दो बार रह चुके।

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील नर्मदापुरम ग्रामीण जिला नर्मदापुरम**

क्रमांक. 802/प्रवा.ना. तह. / 2025
नर्मदापुरम दिनांकः 22/07/2025

// सार्वजनिक उद्घोषणा //

विष्यान्तर्गत लेख है कि न्यायालय अपर तहसीलदार नर्मदापुरम (ग्रामीण) अंतर्गत अभिलेख दुरुस्ती का प्रकरण क्रमांक 0009/ब-121/2024-25 अंतर्गत आवेदिका श्रीमति रेखा गौर पत्नि श्री श्यामसुंदर गौर निवासी ग्राम विक्रम नगर रसूलिया नर्मदापुरम तहसील व जिला नर्मदापुरम द्वारा ग्राम बुधवाडा स्थित भूमि खसरा नंबर 144/6 करबा 0.405 हे. में से रकबा 0.061 हे. नक्शा दुरूस्त किये जाने भूमि बावत आवेदन प्राप्त हुआ है। उक्त भूमि के रकवा दुरूस्त किए जाने में किसी भी आमजन को कोई आपत्ति है तो वह दिनांक 30.07.2025 तक न्यायालय में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**नायब तहसीलदार नर्मदापुरम ग्रामीण जिला नर्मदापुरम**

**न्यायालय नायब तहसीलदार तहसील नर्मदापुरम ग्रामीण जिला नर्मदापुरम**

क्रमांक. 801/प्रवा. ना.तह. / 2025
नर्मदापुरम दिनांकः 22/07/2025

// सार्वजनिक उद्घोषणा //

विष्यान्तर्गत लेख है कि न्यायालय अपर तहसीलदार नर्मदापुरम (ग्रामीण) अंतर्गत अभिलेख दुरूस्ती का प्रकरण क्रमांक 0008/ब-121/2024-25 अंतर्गत आवेदिका श्रीमति शोभा गौर पत्नि श्री ललित कुमार गौर निवासी ग्राम विक्रय नगर रसूलिया नर्मदापुरम तहसील व जिला नर्मदापुरम द्वारा ग्राम बुधवाडा स्थित भूमि खसरा नंबर 144/3 करबा 0.093 हे. एवं खसरा.नं. 144/4 रकबा 0.506 हे. कुल रकबा 0.599 हे. मे से रकबा 0.405 हे. भूमि मे खसरा.नं. 144/3 रकबा 0.073 हे. के स्थान पर सही रकबा 0.093 हे. दर्ज कर नक्शा दुरूस्त किये जाने भूमि बावत आवेदन प्राप्त हुआ है। उक्त भूमि के रकवा दुरूस्त किए जाने में किसी भी आमजन को कोई आपत्ति है तो वह दिनांक 30.07.2025 तक न्यायालय मे आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है।

**नायब तहसीलदार नर्मदापुरम ग्रामीण जिला नर्मदापुरम**

## खबर संक्षेप

### दस्तक अभियान के तहत कार्यों का किया निरीक्षण

**हरदा।** बाल मृत्यु के प्रकरणों में कमी लाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य विभाग द्वारा दस्तक अभियान प्रारम्भ किया गया। अभियान के तहत जिले के स्वास्थ्य केन्द्रों में 5 वर्ष तक के बच्चों की स्क्रीनिंग कर समुचित उपचार किया जा रहा है तथा उन्हें विटामिन ए की दवा भी पिलाई जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एच.पी. सिंह ने शुक्रवार को ग्राम भुन्नास के उप स्वास्थ्य केन्द्र पहुँचकर दस्तक अभियान के तहत किये जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होने उपस्थित एएनएम, आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ता को निर्देशित किया कि कोई भी बच्चा स्वास्थ्य लाभ लेने से वंचित न रहें। कोई बच्चा गंभीर स्थिति में पाया जाता है तो उसे तत्काल जिला चिकित्सालय में इलाज के लिये रेफर करें।

### 24 घंटों में जिले में 1.7 मिमी औसत वर्षा की गई दर्ज

**हरदा।** जिले में गत चौबीस घंटों में 1.7 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया गत चौबीस घंटे में हरदा तहसील में 1 मि.मी., टिमरनी में 5.6 मि.मी., खिरकिया में 0 मि.मी., सिराली में 1 मि.मी. तथा रहटगांव में 1.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। इस वर्ष अब तक जिले में 499.4 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी है। इस वर्ष अब तक हरदा तहसील में 482.7 मि.मी., टिमरनी में 646.2 मि.मी., खिरकिया में 529.1 मि.मी., सिराली में 390.4 तथा रहटगांव में 448.7 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि गत वर्ष की 25 जुलाई तक 278.4 मि.मी. औसत वर्षा हो चुकी थी।

### जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 30 को

**हरदा।** जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक 30 जुलाई को आयोजित की गई है। जिला पंचायत की सीईओ सविता झानिया ने बताया कि जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक दोपहर 1 बजे से जिला पंचायत के सभा कक्ष में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह की अध्यक्षता में आयोजित होगी।

### एक बगिया मां के नाम के किए गए कार्यों की समीक्षा की

**हरदा।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हरदा सविता झानिया ने एक बगिया माँ के नाम कार्यक्रम के तहत मनरेगा में किये जा रहे पौधरोपण कार्य की समीक्षा की। स्व सहायता समूहों के मनरेगा एवं आजीविका मिशन के तहत पात्र हितग्राहियों के मोबाइल एप पर पंजीयन तथा पंजीयन के बाद पात्र हितग्राहियों के खेत का सर्वे, जहाँ पर पौधरोपण होना है के सम्बन्ध में हितग्राहीवार समीक्षा की गई। जिला पंचायत सीईओ झानिया ने 29 जुलाई तक हरदा जिले को राज्य स्तर से प्राप्त पात्रता की श्रेणी में आने वाले 300 हितग्राही का चयन आवश्यक रूप से करने के निर्देश कृषि सखियों एवं आजीविका मिशन के ब्लॉक प्रबंधको को दिए। कृषि सखियों को एक बगिया माँ के नाम मोबाइल एप के संचालन तथा सिपरी सॉफ्टवेयर के वैज्ञानिक तकनीक का प्रशिक्षण दिया गया।

## आनंद परिसर में हुआ आयोजन, समाधान विषय पर विशेष प्रस्तुति दी गई

# इनर पॉल्यूशन क्रोध, तनाव, ईर्ष्या व नकारात्मक सोच के बारे में बताया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

आनंद नगर स्थित आनंद परिसर में प्रजापिता ब्रह्मा कुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के तत्वावधान में इनडोर पॉल्यूशन से इनर पॉल्यूशन तक समाधान विषय पर विषय पर एक विशेष पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य था घरेलू वायु प्रदूषण और मानसिक आंतरिक प्रदूषण के बीच गहरे संबंध को उजागर करना तथा समग्र जीवनशैली में सुधार की प्रेरणा देना। इस अवसर पर खंडवा जिले की मुख्य राज योगिनी बीके शक्ति दीदी सहित लगभग 1500 प्रतिभागियों की उपस्थिति रही। इनमें विद्यार्थी, शिक्षक, चिकित्सक, सामाजिक कार्यकर्ता, पर्यावरण प्रेमी, सरकारी प्रतिनिधि, ब्रह्माकुमारी बहनें और जागरूक नागरिक शामिल थे। कार्यक्रम की विषयवस्तु ने प्रतिभागियों को गहराई से प्रभावित किया।




### घरों में अदृश्य रूप से फैले प्रदूषण के बारे में बताया

प्रस्तुति में बताया गया कि किस प्रकार घरों में अदृश्य रूप से फैले प्रदूषण—जैसे बंद कमरों में वेंटिलेशन की कमी, रासायनिक क्लीनर, अगरबत्ती व धूपबत्ती का अति प्रयोग और प्लास्टिक उत्पाद—स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं। सांस संबंधी समस्याएं, एलर्जी, नींद में बाधा, बच्चों और बुजुर्गों पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव इसके प्रमुख उदाहरण हैं। कार्यक्रम में इनर पॉल्यूशन यानी क्रोध, तनाव, ईर्ष्या और नकारात्मक सोच जैसी मानसिक स्थितियों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। बताया गया कि यह आंतरिक प्रदूषण भी जीवन की गुणवत्ता को प्रभावित करता है और इसका प्रभाव हमारे संबंधों और वातावरण पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है।

### समाधान के रूप में प्राकृतिक उपाय बताए

समाधान के रूप में प्रेजेंटेशन में प्राकृतिक उपाय, पौधारोपण, जैविक सफाई, योग, ध्यान, सकारात्मक चिंतन और आध्यात्मिक अनुशासन को अपनाने की सलाह दी गई। विजुअल्स, तुलनात्मक आँकड़े, वैज्ञानिक प्रमाण और वास्तविक अनुभवों के साथ प्रस्तुत किए गए इस कार्यक्रम ने विषय को अत्यंत प्रभावी बना दिया। कार्यक्रम के अंत में पौधा वितरण कर प्रतिभागियों को पर्यावरण की शुद्धता और व्यक्तिगत योगदान के लिए प्रेरित किया गया। आयोजकों का संदेश था—हमारे घर का प्रदूषण केवल बाहरी नहीं है, बल्कि हमारी सोच, बोलचाल और व्यवहार भी प्रदूषित हो सकते हैं। जब हम अंदर से स्वच्छ होंगे, तभी वातावरण भी शुद्ध होगा।

## नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

# समाज को नशे के दुष्परिणाम बताकर छोड़ने किया प्रेरित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

मुख्यमंत्री मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेशभर में संचालित नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत खंडवा के गौरीकुंज सभागार में नगर निगम और पुलिस प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिले से प्राप्त शॉर्ट फिल्म्स और रील्स के प्रदर्शन से हुई, जिनमें नशे के दुष्परिणामों को प्रभावी तरीके से दर्शाया गया। मंच पर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में महापौर अमृता यादव, विधायक कंचन तनवे, एसपी मनोज राय, भाजपा जिलाध्यक्ष राजपाल तोमर, निगम अध्यक्ष अनिल विश्वकर्मा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यार्थी और नागरिक उपस्थित रहे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेन्द्र तारनेकर ने अब तक चलाए गए अभियान की विस्तार से जानकारी दी। वक्ताओं ने नशे के सामाजिक और शारीरिक दुष्परिणामों पर प्रकाश डालते हुए इससे बचाव के उपाय साझा किए। मनोरोग विशेषज्ञ संजय इंगले और प्रेरणा अग्रवाल ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण से नशा छोड़ने के तरीकों की जानकारी दी और हेल्पलाइन के उपयोग के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री और पुलिस महानिदेशक का संदेश एलईडी स्क्रीन पर प्रसारित किया गया। साथ ही हस्ताक्षर और शपथ अभियान भी चलाया गया, जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने नशा मुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयुक्त प्रियंका राजावत ने सभी उपस्थितजनों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई और इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की।

## दो अलग-अलग घटनाओं में गई जान

# किशोरी की फांसी से और करंट से युवक की मौत, पुलिस कार्रवाई करने में जुटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रहटगांव

थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दो अलग-अलग घटनाओं में दो लोगों की मौत हो गई। पहली घटना में 17 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। दूसरी घटना में एक मजदूर की करंट लगने से मौत हो गई। रहटगांव थाने के पास मस्जिद मोहल्ले में रहने वाली तमन्ना (17) ने शुक्रवार सुबह 9 बजे अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। किशोरी ने घरवालों को ऊपर के कमरे की सफाई करने जाने का बताया था। जब वह काफी देर तक नीचे नहीं आई, तो परिजनों ने जाकर देखा। वह फांसी के फंदे पर लटकी मिली।

परिजनों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा तैयार किया। शव को फांसी के फंदे से उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है। मृतका के पिता रफीक खान सोसाइटी में अनाज बांटने का काम करते हैं। परिवार में एक बेटा और बेटी है। तमन्ना ने नौवीं तक पढ़ाई की थी और उसके बाद आगे की पढ़ाई छोड़ दी थी।

### लाइन की चपेट में आया, मौत

दूसरी घटना रहटगांव के खेड़ा में हुई। शुक्रवार सुबह लगभग 10 बजे एक मजदूर को करंट लग गया। इससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक गोविंद (35) बैतूल जिले के मलाजपुर का रहने वाला था। वह चार दिन पहले ही अपने रिश्तेदार के यहां आया था और मजदूरी कर रहा था। उसकी एक तीन साल की बेटी है। उसकी पत्नी फिलहाल सात महीने की गर्भवती है। खेड़ा के रहने वाले मनहोरी के यहां मकान बनाने का काम चल रहा था। इस दौरान लोहे की छड़ उठाते समय गोविंद मकान के सामने से गुजर रही 11 केवी की बिजली लाइन की चपेट में आ गया। दोनों घटनाओं के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

## कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक हुई

# कलेक्टर ने दिए निर्देश, राजस्व अधिकारी प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण करें, वसूली बढ़ाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

**लोक सेवा ग्यारंटी अधिनियम के तहत राजस्व विभाग से संबंधित सेवाओं के लिये जो समय सीमा निर्धारित है, उसी अवधि में आवेदकों को सेवाएं प्रदान की जाए, राजस्व न्यायालय में सुनवाई के लिए कोई भी प्रकरण ऑफ लाइन स्वीकार न किया जाए।**

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिये कि लोक सेवा ग्यारंटी अधिनियम के तहत राजस्व विभाग से संबंधित सेवाओं के लिये जो समय सीमा निर्धारित है, उसी अवधि में आवेदकों को सेवाएं प्रदान की जाएं। उन्होने तहसीलदारों को राजस्व वसूली बढ़ाने तथा एसडीएम को अधीनस्थ न्यायालयों का निरीक्षण करने के निर्देश भी दिये।

बैठक में वन मण्डलाधिकारी अनिल चौपड़ा, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, संजीव नागू व रजनी वर्मा के साथ-साथ सभी एसडीएम, तहसीलदार व नायब तहसीलदार भी मौजूद थे। कलेक्टर जैन ने सभी राजस्व अधिकारियों से कहा कि राजस्व न्यायालय में सुनवाई के लिये कोई भी प्रकरण ऑफ लाइन स्वीकार न किया जाए। सभी प्रकरण आरसीएमएस पोर्टल के माध्यम से ही प्राप्त किये जायें। उन्होने सभी एसडीएम को निर्देश दिये कि राजस्व पुस्तक परिपत्र के तहत प्राकृतिक आपदा के मामले में राहत, अज्ञात वाहन व ज्ञात वाहन दुर्घटना, मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना तथा सर्पदंश जैसे मामलों में पीड़ित परिवार को त्वरित राहत दिलाने की व्यवस्था करें। कलेक्टर जैन ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि अचल सम्पत्ति की रजिस्ट्री के सभी मामलों में नामांतरण की कार्यवाही अनिवार्य रूप से की जाए।

### कलेक्टर बोले सीमांकन के कार्यों में तेजी लाएं

कलेक्टर जैन ने बैठक में राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये कि सीमांकन के कार्यों में तेजी लाएं। संयुक्त दल बनाकर लंबित सीमांकन कार्यों को पूर्ण करें। उन्होने सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि सीएम मॉनिट, मानव अधिकार आयोग, आयुक्त, जनसुनवाई व जनप्रतिनिधियों से प्राप्त प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण कर प्रतिवेदन भेजना सुनिश्चित करें। उन्होने बैठक में सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान सभी अधिकारियों को निर्देश दिये कि सीएम हेल्पलाइन के लंबित प्रकरणों का समय सीमा में संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें। बैठक में कलेक्टर श्री जैन ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अपने अधीनस्थ कार्यालयों में सार्थक एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज करना सुनिश्चित करें।

## पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में सख्ती

# 4 अवैध हथियार निर्माता किए गिरफ्तार





**खंडवा।** खंडवा पुलिस ने अवैध हथियारों के निर्माण और तस्करी के नेटवर्क का पर्दाफाश करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्यवाही पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय के निर्देशन में, महेन्द्र तारनेकर, राजेश रघुवंशी एवं सीएसपी अभिनव कुमार बारंगे के मार्गदर्शन में थाना पदमनगर प्रभारी निरीक्षक प्रवीण आर्य की अगुवाई में की गई। 24 जुलाई की रात्रि थाना पदमनगर क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान विश्वसनीय सूचना के आधार पर इन्दौर रोड स्थित दादाजी कॉलेज के पास एक सफेद बोलेरो वाहन को रोका गया। वाहन की तलाशी में तीन देशी पिस्टल, नगदी 8900 और बोलेरो में रखी चार बोरियों में भारी मात्रा में पिस्टल निर्माण का सामान जिसमें 350 लोहे की बैरल व 297 शटर नली कुल 647 नग बरामद किए गए। पिस्टलों के ये पाट्र्स अवैध रूप से तैयार किए गए थे। गिरफ्तार आरोपियों में जितेंद्र जोशी (निवासी बागदा, खातेगांव), विक्रम भाटिया (निवासी नेमावर, देवास), रवि मंडरई (निवासी बागदा, खातेगांव) और अवैध हथियार निर्माण में उपयोग होने वाले लेथ मशीन का कारीगर नारायण तिवारी (निवासी खातेगांव, देवास) शामिल हैं। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि यह सामान वे मुड्डासिंह निवासी ग्राम सिग्गुर, जिला खरगोन को सप्लाई करने जा रहे थे। पुलिस ने नारायण तिवारी को भी खातेगांव से गिरफ्तार किया है। जब्त सामग्री में तीन पिस्टल (कीमत 75,000), 647 पिस्टल निर्माण सामग्री (कीमत 1 लाख), बोलेरो वाहन (कीमत 10 लाख), तीन मोबाइल (कीमत 75,000) एवं 8900 नकद शामिल हैं।

### मछली, 300 किग्रा मागुर जब्त

**खंडवा।** जिले में मत्स्याखेट, मत्स्य परिवहन एवं विक्रय पर प्रतिबंधित अवधि के दौरान अवैध रूप से मछली विक्रय करने वाले के विरुद्ध कार्यवाही की गई है। कलेक्टर द्वारा 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्य गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लागू किया गया है। इसी क्रम में शुक्रवार को फिश मार्केट खंडवा में अवैध विक्रय की सूचना पर मत्स्य विभाग और पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही की। कार्यवाही सहायक संचालक मत्स्योद्योग के मार्गदर्शन में की गई, जिसमें मत्स्य विभाग से मनोज कवडे और अभिषेक सोनी तथा पुलिस विभाग के सहयोग से दबिश दी गई।

जांच के दौरान खंडवा निवासी भीमसिंह पिता प्रहलाद फूलमाली के कब्जे से कुल 6 बॉक्स में 300 किलोग्राम प्रतिबंधित मागुर मछली जब्त की गई। इसके अलावा 4 बॉक्स में 160 किलोग्राम लोकल माइनर तिलापिया मछली भी जब्त की गई। जप्त मछली के स्टॉक का कुल 3360 रुपये में नीलामी कर राशि शासकीय कोष में जमा कराई गई। चूंकि मागुर मछली प्रतिबंधित है, इसलिए उसका विनिष्टीकरण किया गया। मत्स्य विभाग ने बताया कि आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया है।

## प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान

# विशेषज्ञ डॉक्टरों ने की गर्भवती की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा



प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान के अंतर्गत जिले में 9 और 25 तारीख को गर्भवती महिलाओं के लिए प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस अभियान के तहत शासकीय एवं प्रायवेट महिला चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न अस्पतालों में हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं की निशुल्क जांच की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ओ.पी. जुगतावत ने बताया कि इस अवसर पर सिविल हॉस्पिटल ओंकारेश्वर में अरविंद चौहान, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र छैगांवमाखन में रेणु सोनी, किल्लौद में जिस्मी, हरसूद में नीलम मिश्रा, खालवा में विपाशा भट्टाचार्य, मूंदी में शांता तिर्की, पुनासा में प्रीति बिरला, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रोशनी में संतोष मोरे तथा सिंगोट में कीर्ति श्रीमाली द्वारा गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच की गई। उन्होंने बताया कि हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं में एनीमिया, उच्च रक्तचाप और डायबिटीज जैसी समस्याओं से पीड़ित महिलाएं शामिल होती हैं, जिन्हें विशेष चिकित्सा सलाह दी जाती है। आवश्यकता होने पर ग्रामीण क्षेत्रों से महिलाओं को खंडवा भेजकर निःशुल्क सोनोग्राफी भी करवाई जाती है। डॉ. जुगतावत ने शुक्रवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पंधाना स्थित एनआरसी एवं एसबीएनसीयू में भर्ती शिशुओं की स्वास्थ्य स्थिति का निरीक्षण किया। साथ ही ग्राम गोराड़िया में दस्तक अभियान के अंतर्गत चल रही स्वास्थ्य गतिविधियों का भी जायजा लिया। अभियान का उद्देश्य मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाना है, जिसके लिए विभागीय प्रयास लगातार जारी हैं।

## सामाजिक जागृति का किया आह्वान

# प्राचीन आदिवासी संस्कृति व परंपराओं को संरक्षित करने का लिया संकल्प



**झिरन्या।** जय आदिवासी युवा शक्ति (जयस) झिरन्या की ग्राम मांडवी में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्राचीन आदिवासी संस्कृति एवं परंपराओं को संरक्षित करने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर सामाजिक एवं आर्थिक पिछड़ेपन को दूर करने के लिए जागृति का आव्हान किया गया।

शुक्रवार को आयोजित बैठक में भारी संख्या में संगठन के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीणजन पहुंचे थे। जिनमें ब्लॉक अध्यक्ष मगन जाधव और अन्य पदाधिकारियों में इंदरसिंह बर्डे, धर्मेंद्र सिसौदिया, साईसिंह सिसौदिया, अर्जुन सोलंकी, जिंदर डूडवे, मुन्ना मोरे, सुनील आँचले, मदन खरते, गिना नार्वे आदि प्रमुख हैं।

उन्होंने सामाजिक कुरीतियों को त्यागने और आपसी सहयोग से आगे बढ़ने का आव्हान किया। जबकि बैठक में कई वरिष्ठ समाजजन भी शामिल हुए थे और उन्होंने कहा कि युवा पीढ़ी धीरे-धीरे अपनी पुरानी परम्पराओं को भुलती जा रही है,जो काफी चिंता की बात है। इसलिए समाज में जागृति लाने की जरुरत है और हमें आपस में मिल-जुलकर यह कार्य करना चाहिए। इस आशय के सुझाव वरिष्ठजनों में मुन्नालाल मोरे, जगदीश भाबर, अनिल बडोले, गिलदार डावर नंदू, लालू, सलाम, सुनील,संजू, राजू आदि ने रखे, जिनका सभी ने समर्थन किया। इस अवसर पर मांडवी पंचायत स्तरीय कार्यकारिणी का भी गठन किया।

## मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एचपी सिंह ने कहा

# शारीरिक के साथ मानसिक व सामाजिक स्वास्थ्य उत्तम हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

युवाओं के बीच आकर उर्जा की अनुभूति होती है, राष्ट्र निर्माण के लिए सशक्त, क्षमतावान और स्वस्थ युवाओं की आवश्यकता है। हमारे युवाओं को केवल शारीरिक रूप से ही नहीं अपितु मानसिक और सामाजिक रूप से भी स्वस्थ होना चाहिए। इस दौरान होने वाली सामान्य मानसिक चिंताओं का समाधान कर लेना चाहिए अन्यथा भविष्य में यह बड़ी समस्या बन सकती हैं। यह बात मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एच.पी. सिंह ने स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय हरदा में शुक्रवार को आयोजित मानसिक स्वास्थ्य कार्यशाला में कही, उन्होने अपने कॉलेज के दिनों को याद करते हुए विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्व भी बताया।

कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ डॉ. दीपक ठाकुर एमडी मेडिसिन ने बताया कि सामान्य मानसिक समस्याओं टेंशन में रहना, नींद नहीं आना, अकेलापन, आत्महत्या का विचार आना, नशा इत्यादि के समाधान के लिए जिला चिकित्सालय हरदा के कक्ष क्रमांक 9 में मनकक्ष बनाया गया है। इस मनकक्ष में डिप्रेशन, आघात, नशे की लत का उपचार व काउंसलिंग सेवाएं प्रदान की जाती हैं ।

### वेलनेस गतिविधियों में विद्यार्थियों को आगे बढ़कर भाग लेने की अपील की

कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी व्ही.के. बिछोतिया ने उमंग उच्च शिक्षा हेल्थ एवं वेलनेस कार्यक्रम की गतिविधियों में विद्यार्थियों को आगे बढ़कर भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम में डॉ. पियूष दोगने ने तंबाकू के दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि किस प्रकार तंबाकू खाने अथवा पीने की आदत छोड़ने में स्वास्थ्य विभाग मदद करता है। जिला समन्वयक राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम आशीष साकल्ले ने बताया कि जिला चिकित्सालय परिसर में उमंग स्वास्थ्य केन्द्र स्थापित किये गए हैं इन केन्द्रों पर काउंसलर के माध्यम से किशोर एवं युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य पर प्राथमिक स्क्रीनिंग, पोषण सुधार, प्रजनन स्वास्थ्य, संयमित जीवन शैली को अपनाने संबंधी सेवाएं प्रदान की जावेगी। जिला समन्वयक ने उमंग केन्द्रों पर पदस्थ काउंसलर का विद्यार्थियों से परिचय कराया। जिला चिकित्सालय हरदा में पारूल काशिव, सीएचसी टिमरनी में दीपक गौर, सीएचसी हंडिया में निखिल चंद्रवंशी एवं सीएचसी खिरकिया में अजय मंडलेकर सेवाएं प्रदान कर रहे हैं ।

### मोबाइल के दुरुपयोग के बारे में युवाओं को सचेत करने की बात रखी

कार्यक्रम का संचालन कर रहे बसंत राजपूत ने युवाओं के स्वास्थ्य पर मोबाइल के दुरूपयोग के बारे में युवाओं को सचेत करने की बात रखी। मन कक्ष नर्सिंग ऑफिसर अंकित सिंह ने मनहित एप के लाभ की जानकारी देते हुए सभी के मोबाईल में मनहित एप डाउनलोड करवाई व उसका उपयोग करना सिखाया। जिला अधिकारी मनीष शकरगाए ने टेली मानस हेल्पलाईन 14416 के बारे में बताया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. आशा गायकवाड़ एवं राजेश गौर ने महाविद्यालय में एनएसएस की गतिविधियों के साथ उमंग हेल्थ वेलनेस गतिविधि को जोड़कर जागरूकता अभियान चलाने की बात रखी। प्राचार्य डॉ. संगीता बिले ने कार्यक्रम आयोजन के लिये स्वास्थ्य विभाग को धन्यवाद देते हुए छात्रहित में ऐसी गतिविधियों के निरंतर आयोजन का आगृह किया। कार्यक्रम के अंत में छात्र-छात्राओं व स्टाफ को नशा मुक्ति संबंधी शपथ सीएमएचओ डॉ. सिंह ने दिलाई।